



नवभारत 02
छिंदवाड़ा, सोमवार, 8 जून 2026

# बदमाशों ने विद्युत पोल क्षतिग्रस्त किए

## बंडा शाहगढ़ के बीच दलपतपुर में 13 पोल क्षतिग्रस्त होने से कई गांव अंधेरे में रहे, पुलिस में शिकायत

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 7 जून. शाहगढ़ अंतर्गत अज्ञात चोरों ने 33 केवी दलपतपुर-1 विद्युत लाइन को निशाना बनाते हुए 13 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त कर दिए और लगभग 3 स्पैन कंडक्टर चोरी कर लिया. घटना के बाद विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया.**



मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित थाने में प्राथमिकी अर्थात एफआईआर दर्ज करा दी गई है और पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है. 33 केवी लाइन के बाधित होने के कारण शाहगढ़ वितरण केंद्र से जुड़े चार उपकेंद्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आपूर्ति बहाल करने के लिए विभागीय टीम युद्धस्तर पर सुधार कार्य में जुटी हुई है। क्षतिग्रस्त पोलों और चोरी हुए कंडक्टर की मरम्मत एवं पुनर्स्थापना का कार्य तेजी से किया जा रहा है. विभाग ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है तथा आश्वासन दिया है कि विद्युत व्यवस्था को जल्द से जल्द सामान्य किया जाएगा.

फिलहाल पुलिस और विद्युत विभाग संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं. वहीं इस भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी आदि के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है .

## पौधारोपण किया

**शाहगढ़.** जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था विश्वास ग्राम विकास समिति अमर मऊ ने ग्राम इंदौरा में पौधारोपण कर प्राकृतिक संरक्षण का संकल्प लिया. ग्रामवासियों से चर्चा है कि वृक्षारोपण एक मन में संकल्प रख के आने वाले समय में पौधे निरंतर लगाते रहना है. वैश्विक अभियान है बढ़ते प्रदूषण जलवायु परिवर्तन घटते बंध क्षेत्र और जल संकट जैसी चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण ही आने वाली पीढियां के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य का सबसे प्रभावी माध्यम है, पर्यावरण संतुलन का आधार भी बनता है.

## समिति सदस्य बने सिंह

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नवीन सिंह को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, की धारा के अंतर्गत राज्य आयुक्त (दिव्यांगजन) की सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है. यह नामांकन डॉ. अजय खेमरिया, आयुक्त दिव्यांगजन, द्वारा जारी आदेश के माध्यम से किया गया है. डॉ. सिंह ने कहा कि वे दिव्यांगजन अधिकारों, समावेशी शिक्षा तथा समान अवसरों की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे तथा राज्य सरकार को रचनात्मक सुझाव उपलब्ध कराएंगे. इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षाविदों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने डॉ. नवीन सिंह को बधाई दी.



# एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. एडिना इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने इंजीनियरिंग में ढ्ढ, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया.**

संगोष्ठी डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन के समन्वय में आयोजित की गई. डॉ. सुनील जैन ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत कुमार जैन ने जटिल इंजीनियरिंग चुनौतियों के समाधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर दिया और नवाचार के महत्व को रेखांकित किया. आईआईएलएम विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल सरोलिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के उभरते रुझानों और औद्योगिक अनुप्रयोगों पर व्याख्यान दिया. मुख्य भाषण आईटीएम ग्वालियर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. एस. के. शर्मा ने दिया. संगोष्ठी में रूरल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट भारत सरकार से कुलदीप राजपूत , इंजी. वरुण जैन, यंग एंटरप्रेन्योर, फरीदाबाद स्थित थर्मोसेंस टेक्नोलॉजी के सीईओ मिस्टर पंकज शर्मा ने भी संबंधित विषय पर वक्तव्य दिए. इंजीनियर विनय शुक्ला एवं विज्ञान भारती की ओर से राम कुमार वैद्य सम्मिलित हुए. संचालन डॉ. हर्षिता जैन ने किया.



संगोष्ठी में अनिमेष अवस्थी, रजनीश पचौरी, राजकुमार यादव, अनुराग सिंह एवं दीपाली साहू सहित समस्त शिक्षकगण एवम छात्र- छात्राएँ उपस्थित रहे.

# योग शिविर का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर अंतर्गत अटल पार्क परिसर चौपाटी पर योग शिविर का शुभारंभ हुआ.**

शुभारंभ भगत सिंह योगाचार्य, द्वारा किया गया. शिविर में योग साधकों, शिक्षकों एवं नागरिकों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया. श्री सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और दिव्य जीवन जीने की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पद्धति है. नियमित योगाभ्यास से शरीर, मन और बुद्धि का समन्वित विकास होता है तथा व्यक्ति तनावमुक्त एवं ऊर्जावान जीवन व्यतीत कर सकता है. प्राणायाम सत्र में कपालभाति, शीतली अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं उद्गीत प्राणायाम के साथ ध्यान का अभ्यास कराया गया. भगत सिंह योगाचार्य ने इन योग क्रियाओं के वैज्ञानिक पक्ष, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में गौरीशंकर साहू, महेश पॉल, मनोज जैन मौजूद थे.

## कार्यशाला 11 को

**सागर.** पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रगति की समीक्षा, तकनीकी समन्वय एवं शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु जिले के संबंधित विभागों के उपयंत्रियों की कार्यशाला आयोजित की जा रही है.

कार्यशाला 11 जून गुरुवार को प्रात: 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी. कार्यशाला में पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण, प्रगति समीक्षा, योजनाओं के संचालन एवं विभागीय समन्वय संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी.

# बिलहरा में पिता ने की थी पुत्र की हत्या

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. सुरखी थाना अंतर्गत बिलहरा चौकी क्षेत्र मे युवक की हत्या के आरोप मे फरियादी पिता को गिरफ्तार कर लिया है.**



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जमना अहिरवार निवासी वार्ड क्रमांक 01, खिरका मोहल्ला, बिलहरा द्वारा चौकी में सूचना दी गई कि उसका बड़ा पुत्र सोनू अहिरवार, उम्र 25 वर्ष घर के आंगन में बनी ढलान पर मृत अवस्था में पड़ा है तथा उसके सिर एवं माथे से खून निकल रहा है. सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की गई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं प्रारंभिक जांच में हत्या की पुष्टि होने पर थाना सुरखी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर मृतक के पिता जमना अहिरवार पर संदेह हुआ. आरोपी ने बताया कि उसका पुत्र सोनू अहिरवार आए दिन शराब के नशे में घर आता था तथा परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करता था. पुत्र की हरकतों से वह परेशान था.

# गौशाला में पौधारोपण किया गया





नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. नवांकुर संस्था एव्हीएस शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित दयोदय गोशाला में वृक्षारोपण किया गया.**

इस अवसर पर समिति पदाधिकारी सुबोध सतभैया, अनिल जैन शिक्षक, रवि कुमार जैन, प्रवीण चौधरी, कैलाशचंद बजाज, दीपक जैन, विद्यालय प्राचार्य आनंद कुमार जैन, विनय सेन, लखन तिवारी, संतोष चढ़ार, वैजनाथ चढ़ार, श्रीराम पटेल, काशीराम पटेल उपस्थित रहे. अतिथियों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा वृक्ष लगाने की अपील की.

# युवक की हत्या का मुख्य आरोपी पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. थाना मोतीनगर क्षेत्र अंतर्गत हुए हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया.**

इस कार्रवाई के साथ ही प्रकरण में नामजद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. फरियादिया श्रीमती कमलाबाई सोनी निवासी मोहननगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने नाती अतुल जड़िया के साथ घर पर मौजूद थीं. इसी दौरान उनका पुत्र अमित सोनी अपने पुत्रों देव सोनी, देवांश सोनी एवं दिव्यांश सोनी के साथ घर पहुंचा तथा संपत्ति विवाद को लेकर अतुल जड़िया के साथ गाली-गलौज एवं विवाद करने लगा. विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने अतुल जड़िया को पकड़कर जमीन पर पटक दिया तथा आरोपी देव सोनी ने लोहे के पाइप से उसके सिर पर लगातार प्रहार किए. घटना के दौरान अमित सोनी एवं उसकी पत्नी तनु सोनी द्वारा भी अन्य आरोपियों को उकसाया गया. गंभीर चोट लगने से अतुल जड़िया की मृत्यु हो गई। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे.

पुलिस टीम द्वारा लगातार की गई कार्रवाई के दौरान प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों एवं एक विधि-विरुद्ध बालक (नाबालिग) को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है. फरार चल रहे मुख्य आरोपी अमित कुमार सोनी पिता स्वर्गीय कपूरचंद्र सोनी, उम्र 58 वर्ष, निवासी मोहननगर, सागर को भी गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई.

आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से प्राप्त जेल वारंट के आधार पर उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया.

# पथरिया जाट मंदिर में चोरी

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथरिया जाट में स्थित माता मंदिर में अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला और कुंदा तोड़कर अंदर घुस गए तथा देवी प्रतिमा पर चढ़ाए गए सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए.**

जानकारी के अनुसार, मंदिर शासकीय स्कूल परिसर में बना हुआ है. गांव निवासी भूपेंद्र पटेल प्रतिदिन यहां पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं. उन्होंने पुलिस को बताया कि घटना से एक दिन पहले शाम को वे मंदिर गए थे. उस समय माता की प्रतिमा पर चांदी का मुकुट, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की एक जोड़ी पायल तथा सोने की बेदी सहित अन्य श्रृंगार सामग्री सुरक्षित रखी हुई थी. पूजा के बाद मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर वे घर लौट गए थे. अगले दिन सुबह करीब भूपेंद्र पटेल की मां मंदिर में पूजा करने पहुंचीं. वहां उन्होंने देखा कि मंदिर के दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ है. इसकी सूचना उन्होने परिवारजनों को दी थी. सूचना मिलने पर भूपेंद्र मंदिर पहुंचे और निरीक्षण किया तो पाया कि दरवाजे का ताला तोड़ा जा चुका था तथा माता की प्रतिमा पर रखे सभी कीमती आभूषण गायब थे.

# जगह-जगह खोद डाली हैं नालियां

नवभारत न्यूज

**बीन 7 जून. जल निगम मर्यादित द्वारा जगह-जगह स्वच्छ जल आम जनता को मिले इसको लेकर पानी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है किंतु जिस तरह से कार्य चल रहा है उससे आम व्यक्ति काफी परेशान होता हुआ नजर आ रहा है.**

जगह-जगह नालियां सी खोद कर उन्हें भरने का कार्य भी नहीं किया जा रहा है जिससे आम जनता काफी परेशान हो रही है. ग्राम पंचायत धनोरा के उप सरपंच अशोक सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि जल निगम मर्यादित योजना के अंतर्गत पाईप लाईन बिछाई गयी. परंतु पाईप लाईन बिछाने के पश्चात सड़क सुधार नहीं किया गया.



संबंधित विभाग में जानकारी दी गई थी परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं जिससे रहवासियों को काफी समस्या आ रही हैं. सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक 181 पर श्री ठाकुर उप सरपंच ने शिकायत की थी. श्री सिंह ने बताया कि जल निगम द्वारा मेरे पास कॉल आया था जिसमें उन्होंने कहा कि हम आपकी शिकायत का निराकरण तीन दिवस के भीतर कर देंगे. अब वर्षों आने को नजदीक है, ऐसे में गांव-गांव में सड़के खोद कर रख दी है जिससे ग्रामीण जनों को वर्षा के समय आने-जाने में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा विशेष कर मवेशियों के निकलने को लेकर ग्रामीण जन काफी चिंतित नजर आ रहे हैं.



# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मरुदेवी संभाग, सद्भावना शाखा द्वारा बालक हिलव्यू पार्क में पर्यावरण संरक्षण एवं विकास हेतु 30 वृक्षों का वृक्षारोपण किया.**

सभी ने बच्चों की तरह वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया. यह समस्त पौधे जिसमें पीपल, नीम, बरगद, जामुन, करंजी, अशोक, नीम, मीठी नीम ,शीशम आदि सभी पौधे सद्भावना शाखा अध्यक्ष श्रीमती रश्मि जैन ने उपलब्ध कराए. डॉ. दीप्ति संघी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, सीडबाल रोपण एवं जंगलों की सुरक्षा की बात कही. वृक्षारोपण में शाखा अध्यक्ष श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती मनीषा जैन, श्रीमती संगीता पड़वार, श्रीमती प्रतिभा संघी उपस्थिति रहीं. इस अवसर पर आलोक जैन, रानू साहू, अभिषेक द्विवेदी, अमर सिंह ठाकुर ,सुखलाल आदि ने भी गड्ढे खोदकर वृक्ष लगाए.

## विचार गोष्ठी

**ललितपुर.** कचहरी परिसर में जिलावार संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया. संचालन कौमी एकता की प्रतीक साहित्य संस्था हिंदी उर्दू अदबी संगम के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. द्वारा किया गय. कार्यक्रम में बढ़ती हुई प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की गई. वक्ताओं में राधेश्याम ताम्रकार, सुमन लता शर्मा, डॉ. खेमचंद वर्मा, एमआर खान, सोजसरवर हिंदुस्तानी आदि कवियों ने पर्यावरण को लेकर खूबसूरत रचनाएं पेश की1 संचालन एड. रामकृष्ण कुशवाहा ने किया.

पूर्व अध्यक्ष जिला वार संघ बृजेंद्र सिंह यादव एड. ने कहा कि इंसान का प्रकृति से 11 संबंध है और हमारे देश में सनातन में वृक्षों की पूजा की जाती है.

# पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता

नवभारत न्यूज

**खुरई 7 जून. भीषण गर्मी के इस दौर में नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद खुरई द्वारा जलापूर्ति व्यवस्था को पूरी प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है.**



पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर संपूर्ण नगरीय क्षेत्र सहित नगर पालिका सीमा में शामिल हुए ग्रामों तक जलापूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद खुरई द्वारा जलापूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी एवं त्वरित समस्या समाधान हेतु विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है. नागरिकों की सुविधा के लिए जलापूर्ति संबंधी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संपर्क नंबर भी जारी किए गए हैं, जिससे किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा समस्या की सूचना प्राप्त हो सके. कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं के आधार पर नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो समस्याओं का निराकरण कर रही हैं.

ग्राम जगदीशपुरा, सतनाई, हनौता, आलखेड़ी सहित बाहरी सीमा के कई वार्डों से जानकारी प्राप्त हुई थी कि अत्यधिक गर्मी के कारण उपलब्ध जलस्रोतों एवं संसाधनों से बढ़ी हुई मांग की पूर्ति संभव नहीं हो पा रही है. उनके नेतृत्व में जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. जलापूर्ति व्यवस्था के संचालन,उपयंत्री शैलेंद्र सिंह को अधिकृत किया गया है. उनके द्वारा संपूर्ण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जा रही है.

# पुलिस कर्मियों का सम्मान



नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. ग्राम सानोधा में मज्जिनेद जिनबिंब प्रतिष्ठा पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव के समापन पर सकल जैन समाज एवं आयोजन समिति द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया.**

इस दौरान जैन संत विषद सागर महाराज ने भी अनुकरणीय कार्यप्रणाली, अनुशासित व्यवस्था एवं जनसेवा भावना की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए पुलिस बल को साधुवाद दिया. सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों में थाना प्रभारी सानोधा निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक शेष नारायण दुबे, बलवंत सिंह, सुखदेव शर्मा, प्रधान आरक्षक नीलेश, पुरुषोत्तम, राजेश पांडेय, रामेश्वर शर्मा, रामकुमार, ज्योति गोस्वामी, लीलावती, आरक्षक प्रवीण जाट, जगदीश ठाकुर, भारत सिंह, अर्पित मिश्रा, मयंक ठाकुर तथा महिला आरक्षक कंचनलता एवं बैजंती शामिल है.

**आवागमन** | सागर-करेली रेल लाइन को मूर्त रुप से देने से कई क्षेत्रों के यात्रियों को समय की बचत होगी

# बगैर रेल लाइन के बुंदेलखंड का आधा हिस्सा विकास से वंचित

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 7 जून. बुंदेलखंड के विकास में रेल लाइन का न होना सबसे बड़ी बाधा है. इस समय क्षेत्र में बेकारी बेरोजगारी चरम पर है लोग काम की तलाश में पलायन कर रहे हैं. लोगों को रोजगार नहीं है.**

रेल लाइन डाली जाती तो सैकड़ों हजारों बेरोजगारो को काम मिलता नौकरियां मिलत, रेल लाइन से जुड़ने पर आधे बुंदेलखंड के किसानो को अपनी उपज को अच्छे दामों पर बेचने हेतु सस्ता रेल मार्ग मिलता व रेल परिवहन से देश की अनाज मंडियों से जुड़ने पर उनकी उपज को अच्छे दाम मिलते.

रेल लाइन के अभाव में किसानों में निराशा हताशा व्याप्त है. बता दें कि इस समय बीना-सागर-कटनी रेल लाइन पर यातायात का अत्यधिक दबाब व आये दिन होने वाले रेल लाइन के मरम्मत कार्य से भी आवागमन बाधित होता है. यदि तीसरी लाइन की बनिस्बत सागर करेली रेल लाइन को मूर्त रूप दिया जाता है तो इससे समय की बचत तो होगी, बहुत बड़े चक्करदार रास्ते से भी बचा जा सकता है.

सागर-करेली रेल लाइन को बड़ा स्वरुप देते हुए सागर से आगे ललितपुर से जोड़ने व सागर, गौरझामर, देवरी, करेली से आगे बढ़ाकर छिंदवाड़ा तक करने की आवाज उठाई गयी जो इस रेल लाइन को विशेष पहचान दिलाने में और सहायक सिद्ध होगी. अभी बुंदेलखंड में एक ही बीना-कटनी रेल लाइन जो अंग्रेजी शासन काल में डाली गई थी. प्रदेश में रेल लाइनों का विकास बेहद जरुरी है तभी हम पूरे देश से जुड़कर विकास की राह आसान कर सकेंगे. देखा जाता है सड़क मार्ग का यातायात डीजल, पेट्रोल पर अवलंबित होने के कारणसडक मार्ग की यात्रा जरुरत से ज्यादा मंहगी हो गई है. किसानों को सड़क यातायात काफी मंहगा होने से वह देश की अन्य बड़ी मंडियों तक उपज को नहीं पहुंचा पा रहे हैं. सांसद डॉ. लता वानखेड़े सागर-करेली रेल लाइन को शीघ्रातिशीघ्र डाले जाने हेतु प्रयासरत हैं. बता दें कि सागर-करेली रेल लाइन डाले जाने की मांग हेतु समाजवादी नेता रघु ठाकुर का भी सक्रिय प्रयास जारी हैं. प्रधानमंत्री व रेलमंत्री से रेल लाइन को शीघ्र डालने की मांग जनता द्वारा की जा रही है .

# मसवासी ग्रंट स्थित संयंत्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जून. महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ मसवासी ग्रंट स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कचरा प्रसंस्करण संयंत्र का निरीक्षण किया.**

उन्होंने संयंत्र में कचरे के संग्रहण, पृथक्कीकरण एवं प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा कचरे से जैविक खाद तैयार करने की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की. निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन किसी भी शहर की स्वच्छता व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है.



रेमकी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अमित दुबे ने बताया कि नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ियों द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न वार्डों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित कर मसवासी ग्रंट स्थित संयंत्र तक पहुंचाया जाता है. महापौर ने पार्षदों एवं अधिकारियों से कहा कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है. निरीक्षण के दौरान राजकुमार पटेल, धर्मेंद्र खटीक, श्रीमती संगीता जैन, पार्षद नीरज गोलू कोरी, भरत अहिरवार, विशाल खटीक, रानी अहिरवार, रिशांक तिवारी आदि मौजूद थे.